हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 12 फरवरी 2025

13 रेवाड़ी वाया महेंद्रगढ़ रेलवे मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन की जगह...



14 गोसेवकों ने फूंका गोमाता उपचारशाला के प्रधान का पुतला




# आंकड़े कुछ कहते है, 724 सरकारी व प्राइवेट स्कूल महज 266, फिर भी सरकारी में 50 हजार व प्राइवेट स्कूल में डबल 1.14 लाख विद्यार्थी

- स्कूल आधे से कम, विद्यार्थियों की संख्या सरकारी स्कूल से दोगुना से अधिक
- महेंद्रगढ़ जिले में अपार आईडी से सामने आए आंकड़े, सिस्टम नहीं होने पर निरंतर घट रही सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

अपार आईडी भारत सरकार की वन नेशन वन स्टूडेंट योजना का हिस्सा है। हरियाणा में स्कूलों में भी विद्यार्थियों के लिए अपार आईडी बनवाई जा रही है। आईडी बनाते समय आंकड़े सामने आए है। महेंद्रगढ़ जिला में सरकारी स्कूलों की संख्या 724 है। इसमें प्राईमरी, मिडिल, हाई व सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल है। विद्यार्थी संख्या की बात करें तो इन 724 स्कूलों में महज 50 हजार 97 विद्यार्थी पढ़ रहे है। वहीं प्राइवेट स्कूलों की संख्या महज 266 है। इनमें विद्यार्थियों की संख्या 1 लाख 14 हजार 614 सामने आई है। मतलब सरकारी स्कूल से आधी संख्या भी प्राईवेट स्कूलों की नहीं है इसके बावजूद प्राइवेट स्कूलों में सरकारी स्कूलों के मुकाबले दोगुना से अधिक विद्यार्थियों की संख्या है। यह आंकड़े बयां कर रहे है कि सरकारी स्कूलों में फीस ना के बराबर और शिक्षकों की सैलरी प्राईवेट शिक्षकों के मुकाबले कई गुणा अधिक होने के बावजूद हालत दयनीय है। इसके पीछे जिम्मेवार सिस्टम में खामियां मान रहे है।

इन दिनों शिक्षा विभाग का अपार आईडी बनाने पर सरकारी व प्राईवेट स्कूलों पर जोर है। शिक्षा विभाग के अनुसार अपार आईडी बनने के बाद विद्यार्थी देशभर में किसी भी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करेगा, उसकी आईडी वहीं रहेगी। इसके लिए सभी शिक्षकों को निर्देश दिए है कि वह आईडी बनाते समय बच्चे से संबंधित सभी विवरण ध्यान पूर्वक भरें। इसमें बच्चे के माता पिता का नाम, कक्षा, पिछली कक्षा का परिणाम, बच्चे की व्यक्तिगत जानकारी शामिल रहेगी। इस योजना का विद्यार्थियों व स्कूलों को फायदा मिलेगा। अब जब यह सरकारी व प्राईवेट स्कूलों से जुड़े रिकॉर्ड को ऑनलाइन किए जा रहे है तो यह आंकड़े सामने आए है। हां, इस बात जरूर इन आंकड़ों में सामने आई है कि अपार आईडी बनाने में जरूर सरकारी स्कूलों ने प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ दिया है। आंकड़े बताते है कि सरकारी स्कूलों ने 85.2 फीसदी अपार आईडी बना दी है जबकि प्राइवेट स्कूल अभी तक 75.3 फीसदी ही अपार आईडी बना पाया है।



नारनौल। अपार आईडी के लिए बीईओ कार्यालय नारनौल में बुलाए गए स्कूलों के शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

## क्या है अपार आईडी

अपार आईडी भारत सरकार की वन नेशन वन स्टूडेंट योजना का हिस्सा है। हरियाणा में स्कूलों में भी छात्रों के लिए अपार आईडी बनवाई जा रही है। यह एक 12 अंकों की खास आईडी है। इसे अपार यानि ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री कहते है। अपार आईडी बनाने के लिए सबसे पहले अभिभावकों की सहमति प्राप्त करना जरूरी है। इसके लिए आवेदक की उम्र कम से कम पांच साल होनी चाहिए। आवेदक मान्यता प्राप्त स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय में नामांकित होना चाहिए। आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए। इसके लाभ की बात करें तो छात्रों का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है। छात्रों की शैक्षणिक जानकारी एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध रहती है। छात्रों को डिजी लॉकर की सुविधा मिलती है। छात्र अपनी मार्कशीट, डिग्री और सर्टिफिकेट को डिजिटल रूप से सुरक्षित रख सकते है। इसके साथ ही अकादमिक क्रेडिट बैंक के साथ भी इसका इंटीग्रेशन किया जाएगा। छात्रों की शैक्षणिक प्रगति पर नजर रखी जा सकती है।

## जिले में अपार आईडी को लेकर सरकारी स्कूलों की स्थिति

| ब्लॉक | विद्यार्थी | आईडी | पेंडिंग |
|---|---|---|---|
| अटेली | 8142 | 7381 | 761 |
| कनीना | 8597 | 7865 | 732 |
| महेंद्रगढ़ | 13528 | 11930 | 1598 |
| नां.चौधरी | 10784 | 8209 | 2575 |
| नारनौल | 9046 | 7337 | 1709 |
| कुल | 50097 | 42722 | 7375 |

## जिले में अपार आईडी को लेकर प्राइवेट स्कूलों की स्थिति

| ब्लॉक | विद्यार्थी | आईडी | पेंडिंग |
|---|---|---|---|
| अटेली | 17680 | 13705 | 3975 |
| कनीना | 21892 | 18757 | 3135 |
| महेंद्रगढ़ | 33717 | 26283 | 7434 |
| नां.चौधरी | 13975 | 8503 | 5472 |
| नारनौल | 27350 | 19068 | 8282 |
| कुल | 114614 | 86316 | 28298 |

## क्या कहते है डीईओ

*जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान ने बताया कि इन दिनों अपार आईडी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में पांच साल से अधिक उम्र के हर विद्यार्थियों की बनाई जा रही है। दोपहर तीन बजे तक सरकारी की 85.2 प्रतिशत व प्राईवेट स्कूलों के बच्चों की 75.3 प्रतिशत अपार आईडी बनी है।*

## खबर संक्षेप

### सफारी गाड़ी ने व्यक्ति को मारी टक्कर, मौत

**मंडी अटेली।** बाछौद से कुंजपुरा रोड पर हवाई पट्टी के समीप सोमवार रात्रि को सफारी गाड़ी ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात सफारी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सराय बहादुर निवासी 40 वर्षीय मनोज कुमार उक्त मार्ग से गत रात्रि को अपने गांव जा रहा था।

### ढिंढासर मंदिर में आज मनेगी रविदास जयंती

**नारनौल।** पुरानी सराय स्थित ढिंढासर मंदिर में 12 फरवरी को संत शिरोमणी गुरु रविदास की जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई जाएगी। महंत बालक दास ने बताया कि गुरु रविदास महासभा के तत्वावधान में जयंती का शुभारंभ प्रातःकाल को हवन के साथ होगा। तत्पश्चात जयंती महोत्सव प्रारंभ होगा। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव होंगे।

### दोस्तपुर पंचायत की जमीन पर अवैध खनन के आरोप

**नांगल चौधरी।** राजस्थान क गांव देवता की सीमा में संचालित माइंस संचालक पर दोस्तपुर पंचायत की जमीन पर अवैध खनन के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने नामजद माइंस संचालक के खिलाफ पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। नितिन कुमार ने बताया कि दोस्तपुर पंचायत की सीमा के साथ राजस्थान के देवता गांव की सीमा लगती है। जहां पंचायती रकबे को पत्थर खनन के लिए लीज पर छोड़ा गया है, लेकिन स्थानीय खदान में पत्थर की क्वालिटी अच्छी नहीं, जबकि हरियाणा के गांव दोस्तपुर पंचायत की जमीन में उच्च क्वालिटी है। राजस्थान के माइंस संचालक ने दोस्तपुर पंचायत की तरफ खनन करना आरंभ कर दिया।

## पुलिस को मृतक के पास से मिला दो पेज का सुसाइड नोट, जांच शुरू

# मम्मी-पापा हो सके तो माफ कर देना, मैं एक अच्छा बेटा नहीं बन पाया लिख लगाया फंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव भगड़ाना निवासी एक निजी कॉलेज के एमएससी फर्स्ट ईयर के छात्र ने गांव सिगड़ा के खेतों में जांटी के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक सोमवार से लापता था। मृतक के पिता ने सिटी पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दी हुई थी। मंगलवार को छात्र का शव सिगड़ा के खेतों में जांटी के पेड़ पर लटका हुआ मिला।

इसके बाद पुलिस ने मृतक छात्र को पेड़ से नीचा उतारकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस को मृतक की जेब से दो पेज का सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें लिखा है कि मम्मी-पापा हो सके तो उसे माफ कर देना। मैं एक अच्छा बेटा नहीं बन पाया। मृतक के पिता ने एक छात्रा के परिजनों पर मारकर लटकाने या फिर मरने के लिए मजबूर करने



- एमएससी प्रथम वर्ष के छात्र ने पेड़ से लगाया फंदा, मौत
- मृतक के पिता ने एक छात्रा के परिजनों पर लगाया मारकर लटकाने का आरोप

का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### मृतक के पिता ने दी शिकायत

गांव भगडाना निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने एक शिकायत महेंद्रगढ़ थाने में बेटे के लापता होने के बारे में दी हुई थी। 11 फरवरी को उसका लड़का गौरव गांव सिगड़ा के खेतों में फांसी पर लटका हुआ मिला। उसका लड़का साधारण तरीके से रहता था। किसी भी प्रकार का दोष या बल नहीं था। उसका लड़का महेंद्रगढ़ क्षेत्र के एक गांव निवासी एक लड़की से बातचीत करता था। उसका लड़का तथा वह लड़की दोनों कॉलेज में पढ़ रहे थे। इसको लेकर लड़की के पिता व उसके परिजनों से हमारी बातचीत हुई थी। इस दौरान लड़की के पिता व उसके परिजनों ने जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि लड़की वालों ने ही उसके बेटे को मारकर पेड़ पर लटकाया है या फिर मरने के लिए मजबूर किया है।

### मृतक ने यह लिखा सुसाइड नोट में

*सुसाइड नोट में लिखा है कि मम्मी-पापा हो सके तो उसे माफ कर देना। मैं एक अच्छा बेटा नहीं बन पाया। वह हमेशा यही सोचता था कि उसके अभिभावक हमेशा खुश रहे और रिस्पेक्ट के साथ रहें, लेकिन उसकी वजह से उसके पैरेंटस को नीचा दिखाना पड़ा, वह भी कुछ गलत लोगों की वजह से। गलत नहीं था यार, पर हालातों ने गलत बना दिया। लोगों ने झूठ बोलकर उसे बदनाम कर दिया। उसके इस कदम उठाने के पीछे भी वही लोग हैं। वह जीते-जी मर रहा है। उसके अंदर की सारी खुशियां गायब हो गई। उसे इस लाइफ से घुटन हो रही थी। प्यार और जुड़ाव कोई मजाक नहीं है। अगर वो इंसान दूर हो जाए तो इंसान को जिंदा लाश बना देते हैं। आखिर वह यही चाहता है कि उसका परिवार और वह लड़की हमेशा खुश रहे और जिसकी वजह से सब हो रहा हैं। वह आशा करता है कि उनको अपनी गलती का एहसास होगा, क्योंकि ना वह गलत है और ना वो लड़की। हमने बिना गलती भी सब सहन किया है।*

## अटेली व कनीना नगर पालिका चुनाव

# लाइसेंसी धारकों को जमा करने होंगे हथियार

**नारनौल।** नगर पालिका अटेली व कनीना में होने वाले चुनावों के मद्देनजर जिलाधीश डा. विवेक भारती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत लाइसेंसी हथियार धारकों को अपने हथियार एक सप्ताह के अंदर अंदर संबंधित थाना में जमा करने के आदेश पारित किए हैं। आदेशों में कहा गया है कि आगामी दो मार्च को नगरपालिका समिति कनीना और अटेली के अध्यक्ष तथा वार्ड सदस्यों की सीटों के लिए आम चुनाव होने हैं। ऐसे में सार्वजनिक शांति और सौहार्द में गड़बड़ी होने की संभावना के मद्देनजर इन दोनों शहरी सीमाओं के भीतर लाइसेंस धारकों को अपने हथियार संबंधित एसएचओ या पंजीकृत शस्त्र डीलर के पास जमा कराने होंगे। आम चुनाव के स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन तथा शांति व सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आदेश दिए गए हैं। विभिन्न बैंकों तथा निजी बैंकों में तैनात प्राधिकृत सुरक्षा गार्ड जिनके पास बैंकों के नाम पर लाइसेंस हैं, उन्हें इसमें छूट दी गई है।

इसी प्रकार विभिन्न एटीएम में तैनात प्राधिकृत सुरक्षा गार्ड तथा बिक्री परिवहन व एटीएम में नकदी भरने के लिए नकदी ले जाने वाली वैन में तैनात सुरक्षा गार्ड को भी इन आदेशों से बाहर रखा है। इसके अलावा ऐसे खिलाड़ी जो विभिन्न स्तरों पर राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन के सदस्य हैं और उन्हें विभिन्न खेल आयोजनों में भाग लेना होता है। जिसमें वे अपनी राइफलों का उपयोग करते हैं, उन्हें भी छूट दी गई है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे तथा चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहेंगे। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और तदनुसार लागू अन्य धाराओं के तहत दंडनीय होगा।

# डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कर रही एजेंसी के कार्यालय पर सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कर रही एजेंसी का रिकॉर्ड खंगालने के लिए मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम नगर परिषद कार्यालय पहुंची और एजेंसी की कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों एवं कूड़ा का वजन से लेकर अन्य गतिविधियों की जांच शुरू की। जांच दल में करीब आधा दर्जन लोग शामिल हैं।

बता दें कि नगर परिषद ने नारनौल शहर की सफाई का ठेका पंचकूला की सोना इंटप्राइजिज नामक एजेंसी को देखा है, जो सालाना लगभग चार करोड़ का है। इस एजेंसी ने नगर परिषद के सफाई शाखा कार्यालय नंबर 9 में अपना दफ्तर खोला हुआ है, जहां से सफाई संबंधित गतिविधियां संचालित की जाती हैं। प्रातःकरीब को करीब साढ़े 10 बजे इसी कार्यालय में रेवाड़ी से चलकर सीएम फ्लाइंग पहुंची, जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर राजेश शर्मा कर रहे हैं। इस टीम में करीब आधा दर्जन स्टाफ शामिल है, जो एजेंसी का रिकार्ड खंगालने में लगा हुआ है। नप कार्यालय में जांच का यह कार्य शाम तक भी जारी रहा।



नारनौल। नगर परिषद की सफाई शाखा में छापेमारी करती सीएम फ्लाइंग। फोटो : हरिभूमि

सूत्र बताते हैं कि सीएम फ्लाइंग शहर की आबादी, वार्डों से लेकर सफाई एजेंसी के पास मौजूद संसाधनों की जानकारी जुटाने के साथ ही इसकी गतिविधियों की भी जानकारी जुटा रही है। नारनौल शहर से प्रतिदिन उठने वाले कूड़ा का वजन कितना होता है तथा इसे किस प्रकार डंप किया जाता है, यह सारी जानकारी एकत्रित की जा रही है। सूखा एवं गीला कूड़ा अलग–अलग किया जाता है तो वह किस प्रकार से करते हैं। सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा एजेंसी के कंप्यूटर एवं रजिस्ट्रों को चेक किया जा रहा है। कितने सफाई कर्मचारी हैं और उन्हें कितना मानदेय दिया जाता है। कितने चालक हैं और वह किस प्रकार से काम करते हैं, यही सब जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। इस सबकी रिपोर्ट बनाकर उसे सरकार को भेजी जाएगी, ताकि गड़बड़ी पाए जाने पर एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही की जा सके।

हालांकि सीएम फ्लाइंग मीडिया से दूरी बनाकर चल रही है और किसी प्रकार की जानकारी साझा नहीं कर रही है। फिर भी सूत्र बताते हैं कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली एजेंसी नगर परिषद से जितना बजट इस कार्य के लिए वसूल कर रही है।

# 2 दिन में प्रधान पद के लिए 7 नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला मुख्यालय बार एसोसिएशन नारनौल के चुनाव में हिस्सा लेने के लिए नामांकन का मंगलवार अंतिम दिन था। इन दो दिनों में सात नामांकन प्रधान पद के लिए चुनाव अधिकारी को सौंपे है। वहीं सचिव पद के लिए चार, उपप्रधान पद के लिए दो और लाइब्रेरियन पद के लिए दो नामांकन पत्र दाखिल हुए है। अच्छी बात यह है कि ऑडिटर, सह सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए एक-एक नामांकन किया गया है। ऐसे में अगर यह नामांकन पत्र सही पाए जाते है तो यह तीनों पद पर नामांकन करने वाले उम्मीदवार निर्विरोध चुने जाएंगे।

- ऑडिटर, सह सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए एक–एक ही आवेदन, नामांकन सही मिले तो निर्विरोध चुने जाएंगे

इस संबंध में चुनाव अधिकारी एडवोकेटे करण सिंह यादव भोजावास ने बताया कि प्रधान पद के लिए सात उम्मीदवार एडवोकेट नरेंद्र यादव गुवानी वाले, अनिल शर्मा, जसवंत यादव, संतोष सिंह यादव, सुभाष चंद्र, लक्ष्मीनारायण व राजकुमार ने नामांकन किया है। सचिव पद के लिए हेमंत कृष्ण भारद्वाज, हरेंद्र लाम्बा, प्रदीप कुमार व अवदेश कुमार ने नामांकन किया। उपप्रधान पद महिला आरक्षित है। इसके लिए दो आवेदन प्रज्ञा एडवोकेट व विकास सांगवान ने नामांकन किया है। लाइब्रेरियन पद के लिए परमिंद्र यादव व रजनेश यादव ने आवेदन किया है। चुनाव अधिकारी ने बताया कि कोषाध्यक्ष पद के लिए सुगन सिंह, सह सचिव पद के लिए चंद्र देव व ऑडिटर पद के लिए कार्तिक यादव ने आवेदन जमा करवाया है। अब 12 फरवरी को संकुटनिंग होगी। फिर 13 फरवरी को दोपहर दो बजे तक नामांकन वापस लेने की तिथि तय की गई है। इस चुनाव में 785 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



नारनौल। सचिव पद के लिए नामांकन करते हेमंत कृष्ण भारद्वाज।

## दो दिन में विश्वभर से 200 से अधिक प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के नेतृत्व में एडवांसमेंट्स इन मेटिरियल साइंस फोर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (एआईएमएस) 2025 विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन और नाभिकीय विज्ञान अनुसंधान बोर्ड के सहयोग से 13 से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन में 200 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि हिस्सा लेने जा रहे हैं।

यह सम्मेलन शोधकर्ताओं को नवीन अनुसंधान, चुनौतियों एवं सहयोग के अवसरों पर विचार-विमर्श करने का मंच प्रदान करेगा। आयोजन हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की नवाचार, शैक्षिक उत्कृष्टता और ज्ञान के सतत विस्तार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सम्मेलन भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ.सुनीता श्रीवास्तव एवं विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. डॉ. सुनील कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालयका भवन। फोटो : हरिभूमि

प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने इस सम्मेलन को अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. डॉ. राजीव आहूजा मुख्यातिथि के रूप में तथा एनआईटी हमीरपुर के प्रो. रवि कुमार और दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. अमिता चंद्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

आयोजन के समापन सत्र में अंतर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र आईयूएसी नई दिल्ली के निदेशक प्रो. डॉ. अविनाश पांडे मुख्यातिथि के रूप में अपने विचार प्रतिभागियों से साझा करेंगे। एआईएमएस-2025 सम्मेलन में विश्वभर से वैज्ञानिक, शोधकर्ता एवं विद्यार्थी विज्ञान में नवीनतम प्रगति, उभरती तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

NAV GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL NARNAUL BYPASS ROAD MANDI (Distt. M/Garh)
Affiliated to CBSE
Required
- Principal
- Management : Academic Coordinator
- PGT : Hindi, English,Physics, Biology, Chemistry, Mathematics, Physics, Commerce, Pol. Science, History, Geography, Computer Science, Music, Physical eduction
- TGT : Hindi, Sanskrit, English, Mathematics, Science, Social Science (English Medium), Computer, Reasoning
- PRT : All Subjects
- Pre Primary Teachers
- Others : DPEs (Female), Music (Vocal & Instrument), Dance, Art & Craft
- Non-Teaching : Driver, Conductor, Sweeper, Peon

Walk-in-Interview on all working days (Time : 10.00 am to 2.00 pm)
Venue : at School Campus
For Inquiry Contact : 9355177524, 9817525934
Website : www.ngjpsmandi.com



# कार्तिक-करण करेंगे 'आइफा अवार्डस' को होस्ट...

**जयपुर।** पहली बार जयपुर में होने जा रहे आईफा अवार्डस कई मायनों में खास है। इसमें 100 से ज्यादा बॉलीवुड के सितारे जयपुर आएंगे। 25 साल पूरे कर रहे इस शो की थीम 'सिल्वर इज द न्यू गोल्ड'है। शो के दोनों दिन राजस्थानी कलाकार लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। इस बार राजधानी जयपुर में होने वाले आइफा अवार्डस शो पर सिंगर श्रेया घोषाल फिल्म इंड्रस्टी में 25 साल पूरे करने वाले सितारों को तो करीना कपूर शोमैन राजकपूर की 100वीं जयंती पर विशेष ट्रिब्यूट देंगी। शो के पहले दिन यानी 8 मार्च को एक्टर अपारशक्ति खुराना होस्ट करेंगे। दूसरे दिन यानी 9 मार्च को मुख्य अवार्डस कार्तिक आर्यन और करण जौहर होस्ट करेंगे।

लाइफ Style



# कियारा

## दो भाषाओं में कर रहीं 'टॉक्सिक' की शूटिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पहली कन्नड़ फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जा रहा है।

बीते काफी समय से कियारा का करियर कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में 'टॉक्सिक' से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही हैं। कियारा आडवाणी इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेंगी, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। 'केजीएफ चैप्टर 2' के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं। 'टॉक्सिक' का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म इस साल वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में चल रही है। निर्देशक गीता मोहनदास से दर्शक शानदार एक्शन और कहानी की उम्मीदें लगाए बैठे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में कियारा आडवाणी को फिल्म 'गेम चेंजर' में देखा गया था। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। वहीं, उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# 'फैंटास्टिक फोर...' 25 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो की फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। मंगलवार को मार्वल द्वारा फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' का पहला टीजर रिलीज किया गया है, जिसके बाद इसके पोस्टर को एआई जनरेटेड कहकर लोगों ने सोशल मीडिया पर कई सवाल किए। हालांकि, इस फिल्म के निर्देशक ने तुरंत इसपर जवाब दिया कि अभिनेताओं की आवाज बदलने के लिए किसी भी एआई का इस्तेमाल नहीं किया गया है।



# बार्बी हसू ने डीजे कू से की थी दूसरी शादी...

**लॉस एंजिल्स।** बार्बी हसू ने 2011 में चीनी व्यवसायी वांग शियाओफेई से शादी की थी। 2021 में उनका तलाक हो गया, जिसमें धोखा देने के आरोप भी शामिल थे। बार्बी ने बाद में 2022 में दक्षिण कोरियाई गायक और गीतकार डीजे कू के साथ शादी कर ली। ताइवान की अभिनेत्री बार्बी हसू की 48 साल की उम्र में निमोनिया से मौत हो गई। बार्बी को टीवी सीरीज मेटियोर गार्डन (2001) में अभिनय के लिए जाना जाता था। वह मंदारिन भाषी दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक थीं। डीजे कू को अपना दर्द व्यक्त करने के लिए मुश्किल से शब्द मिल पाए। उन्होंने बस इतना कहा, 'मैं ठीक नहीं हूं।' जब उनसे इस अटकल के बारे में पूछा गया कि यह खबर फर्जी हो सकती है तो उन्होंने जवाब दिया, 'यह फर्जी खबर नहीं है।'



# वीडियो शेयर कर दिखाई महाकुंभ की झलक


**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी बेटी और माता-पिता संग महाकुंभ पहुंचकर पवित्र स्नान किया हैं। एक्ट्रेस ने एक क्लिप शेयर कर अपनी इस यात्रा की झलक दिखाई हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ मेले में बॉलीवुड सेलेब्स के पहुंचने का सिलसिला जारी हैं। अब तक कई सितारे महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। अब इस लिस्ट में एक और अभिनेत्री का नाम जुड़ गया हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी अपने माता-पिता और बेटी रियाना के साथ महाकुंभ में पवित्र स्नान किया। रील में एक्ट्रेस अपनी बेटी के साथ पानी में डुबकी लगाती नजर आ रही हैं। एक फ्रेम में उनके माता-पिता नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में अभिनेत्री को प्रार्थना करते हुए दिखाया गया हैं। एक्ट्रेस ने क्लिप में महाकुंभ का भव्य नजारा भी दिखाया हैं।



# बन रही 'सनम तेरी...' की सीक्वल...!

**नई दिल्ली।** नौ साल पहले पहली बार रिलीज हुई अभिनेता हर्ष वर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने पर जो कमाल किया है, उसने हिंदी सिनेमा को कहानियों की एक नई दिशा तो दिखाई ही है, इस कामयाबी ने फिल्म से जुड़े सारे कलाकारों और तकनीशियनों को भी उत्साहित कर दिया है। फिल्म की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू तो इतने उत्साहित है कि उन्होंने फिल्म की सीक्वल के बारे में मीडिया को बताना शुरू कर दिया है। फिल्म 'सनम तेरी कसम'की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू ने मंगलवार की सुबह ही ये कहा कि उनके पास इस फिल्म की सीक्वल की कहानी तैयार है और फिल्म के गाने वगैरह भी उनके पास रेडी हैं।

## टीवी मसाला



# 'आमी डाकिनी' में तस्वीर से बाहर निकलकर डराएगी चुड़ैल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हॉरर फिल्में इस समय बहुत पसंद की जा रही हैं। कोई भी अगर बॉलीवुड फिल्म आ रही है तो वो पहले ही हिट साबित हो जाती हैं। भूल भुलैया 3, स्त्री 2 और मुंज्या जैसी फिल्में हिट साबित हुई थीं। इन फिल्मों को देखना पसंद करते हैं। अब फिल्मों के बाद टीवी पर भी हॉरर की वापसी हो रही हैं। टीवी पर भी हॉरर शो आने वाले हैं। नए हॉरर शो का मोशन पोस्टर सामने आया है जिसे देखकर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। आहट, शश्श्श्श... जैसे कई हॉरर शोज आए थे, जिन्होंने लोगों को खूब डराया हैं। अब टीवी पर चुड़ैल डराने आ रही हैं। चुड़ैल लोगों की नींद खराब करने वाली हैं। इस हॉरर शो का नाम आमी डाकिनी हैं। आमी डाकिनी शो 24 फरवरी से सोनी टीवी पर शुरू होने जा रहा हैं। ये शो सोमवार-शुक्रवार रात 10 बजे आएगा। इस हॉरर शो के कुछ सीन्स सामने आ गए हैं जिसे देखकर कुछ लोग इसका मजाक उड़ा रहे हैं कुछ को इसका बेसब्री से इंतजार हैं। आमी डाकिनी के मोशन पोस्टर में एक महिला फोटो से बाहर निकलकर चिल्लाती नजर आ रही हैं। ये शो कोलकाता के बैकग्राउंड पर आधारित हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक शो में शीन दास लीड रोल में नजर आने वाली हैं। शो में चुड़ैल अपने पति की तलाश में वापस लौट रही हैं। इस पोस्टर को देखकर लोगों को कुछ खास मजा नहीं आ रहा हैं। इस मोशन पोस्टर को देखकर लोगों को बिल्कुल भी डर नहीं लग रहा हैं।

## एकता ने संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए टेलीविजन और फिल्म निर्माता एकता कपूर पहुंचीं। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस यात्रा की कुछ झलकियां शेयर की हैं।



वो अपनी यात्रा के दौरान अपने समय का भरपूर एंजॉय करती नजर आईं। एकता ने जो वीडियो शेयर किया उसमें टीवीएफ के संस्थापक अरुणभ कुमार भी नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में एकता ने संगम नदी में डुबकी लगाने के बाद की झलक शेयर की। वो बोट राइड भी एंजॉय करती नजर आईं। उन्होंने पक्षियों को दाना भी दिया। एकता ने अपने साथ के लोगों के साथ वीडियो शेयर किया। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- महाकुंभ। वो मंदिर भी गईं। उन्होंने माथे पर चंदन लगाए फोटो भी शेयर की।बता दें कि एकता कपूर इन दिनों शो नागिन 7 को लेकर चर्चा में हैं। ये शो जल्द ही शुरू होने वाला हैं। शो में लीड एक्ट्रेस कौन होगी इसे लेकर काफी कयास लगाए जा रहे हैं। दूसरी तरफ, एकता कपूर के प्रोडक्शन वेंचर, 'द साबरमती रिपोर्ट' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख नेताओं से प्रशंसा मिली थी।

# 'परम सुंदरी' के सेट से सिद्धार्थ-जान्हवी की तस्वीरें वायरल

**मुंबई।** अभिनेत्री जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों केरल में अपनी आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। पिछले कुछ दिनों से फिल्म के सेट से दोनों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर केरल के अथिरापल्ली झरने में नाव की सवारी करते नजर आए। इस दौरान जान्हवी ऑफ-व्हाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि सिद्धार्थ ने नीली शर्ट और ग्रे पैंट पहनी हुई है। वहीं, कुछ अन्य तस्वीरों में सिद्धार्थ सेट पर प्रशंसकों के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में जान्हवी नाव पर बैठी हुई और हाथ में छाता पकड़े हुए



दिखाई दे रही हैं। दिसंबर 2024 में मैडॉक फिल्म्स ने घोषणा की थी कि जान्हवी और सिद्धार्थ रोमांटिक-कॉमेडी के लिए साथ आए हैं। यह फिल्म उत्तर भारत के एक लड़के और दक्षिण भारत की एक लड़की के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म के निर्माताओं ने पिछले साल इसके रिलीज की भी घोषणा कर दी थी। उन्होंने लिखा था, 'उत्तर का स्वैग, दक्षिण की शान दो दुनियाएं आपस में टकराती हैं और चिंगारी उड़ती है।

# लता मंगेशकर और आशा भोसले क्यों पहनती थीं सफेद साड़ी? बाहर निकलते ही बदल जाता था रवैया...

**नई दिल्ली।** भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री में लता मंगेशकर और आशा भोसले दो ऐसे नाम हैं जिन्होंने बॉलीवुड को बहुत कुछ दिया। दोनों बहनें प्रोफेशनल फ्रंट पर जितनी समर्पित और सक्रिय थीं, उतना ही उनका आपसी रिश्ता मजबूत था।

आशा भोसले ने एक हालिया पॉडकास्ट में बताया कि ऐसा क्यों था कि दोनों बहनें (आशा और लता) ज्यादातर सिर्फ सफेद साड़ी पहना करती थीं? ऐसा नहीं था कि आशा भोसले और लता मंगेशकर ने अपने आउटफिट को लेकर दूसरे कलर्स ट्राय नहीं किए थे, लेकिन खासतौर पर सफेद पहनने के पीछे एक वजह थी जो उन्होंने अमृता राव और आरजे अनमोल के साथ बातचीत के दौरान बताई।

***कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से ज्यादा सूट करता है सफेद :*** आशा भोसले ने 'कपल ऑफ थिंग्स' नाम के पॉडकास्ट में बताया, 'दीदी (लता मंगेशकर) और मैं हमेशा सफेद साड़ी पहना करते थे। हमें लगा कि हमारे कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से सफेद ज्यादा सूट करता है। अगर हम कोई दूसरा रंग पहनते तो हम ज्यादा डार्क नजर आते। बाद में मैंने पिंक साड़ी पहनना शुरू किया था और दीदी मुझे तिरछी नजर से देखा करती थीं। लेकिन, फिर मैंने धीरे-धीरे पिंक के साथ दूसरे कलर्स जोड़ना शुरू कर दिया।' आशा भोसले ने बताया कि जब भी लता उनसे पब्लिक में मिलतीं तो बहुत फॉर्मल अप्रोच कायम करती थीं।

***घर में अलग और बाहर अलग होता था रवैया :*** जबकि घर में दोनों की बातचीत बहुत सामान्य और सहज होती थी। आशा भोसले ने बताया, 'दीदी घर पर बहुत नॉर्मल होती थीं। वह बाहर मुझसे बहुत शालीनता और औपचारिक लहजे में बात करती थीं, लेकिन घर पर हमारा एक अलग कनेक्शन था। हम मराठी में बात करते थे और हमारी बातचीत बहुत आम होती थी। लेकिन, जैसे ही वह घर से बाहर निकलती थीं, वो 'लता मंगेशकर' बन जाती थीं। एक लीजेंड, एक आइकॉन और हमारे आपसी समीकरणों में अचानक एक बदलाव आ जाता था।' आशा ने बताया कि गायकी को लेकर दोनों के बीच किसी तरह का रिश्ता नहीं हुआ करता था।



### गायकी के मामले में नहीं होता था कोई रिश्ता

आशा भोसले ने बताया, 'बात जब गायकी की आती थी तो हमारे बीच कोई रिश्ता नहीं था। बाहर की दुनिया में वह लता मंगेशकर हुआ करती थीं, दुनिया में उनका अपना एक स्टेटस था। घर पर हम बातें करते, लेकिन बाहर कोई अनौपचारिक बातचीत नहीं होती थी। वह अपना वो औरा कायम रखती थीं, लता मंगेशकर के तौर पर उनकी मौजूदगी, उनका स्टेटस बनाए रखती थीं।' मालूम हो कि लता मंगेशकर की आवाज ने बॉलीवुड को एक अलग ही मुकाम पर पहुंचा दिया था। साल 2022 में लता मंगेशकर ने 92 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

## समय-समय पर ऐसे रोमांटिक सीरियल्स आए हैं, जिनके दर्शक हो गए दीवाने

# प्यार के रंग में रंगे टीवी के ये हिट सीरियल्स, वैलेंटाइन वीक पर एक बार फिर देखिए

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड ही बेहतरीन रोमांटिक फिल्में नहीं बनाता है, टीवी पर भी समय-समय पर ऐसे रोमांटिक सीरियल्स आए हैं, जिनके दर्शक दीवाने हो गए। आज भी इन टीवी सीरियल्स की फैन फॉलोइंग हैं। वैलेंटाइन वीक पर हम आपको ऐसे ही कुछ रोमांटिक हिट टीवी सीरियल्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप अपने लव या लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते हैं।*




### कितनी मोहब्बत है

कृतिका कामरा और करण कुंद्रा स्टारर टीवी सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' के दो सीजन आए थे। पहले सीजन में कहानी कुछ ऐसी थी कि अर्जुन (करण कुंद्रा) और आरोही (कृतिका कामरा) एक-दूसरे को प्यार करते हैं लेकिन कुछ गलतफहमियों के कारण इनके रिश्ते में दूरी आ जाती है, ये जुदा हो जाते हैं। अर्जुन को जब सच्चाई का पता चलता है तो वह चुपचाप आरोही के सपनों को पूरा करने की कोशिश करता है। इसी तरह कई उतार-चढ़ावों को पार कर आखिर में अर्जुन और आरोही मिल जाते हैं, इनकी मोहब्बत सफल हो जाती है। 2009 में आए इस सीरियल की एक अलग ही फैन फॉलोइंग बन गई थी, जो आज भी बरकरार है।

### इस प्यार को क्या नाम दूं

2011 में एक टीवी सीरियल 'इस प्यार को क्या नाम दूं' दर्शकों के बीच काफी हिट हुआ। इसमें अर्णव रायजादा का किरदार एक्टर वरुण सोबती ने निभाया था। वहीं खुशी कुमारी का किरदार सनाया ईरानी ने निभाया। यह प्रेम कहानी एक छोटे शहर की लड़की खुशी और एक सख्त मिजाज बिजनेसमैन अर्णव के बीच की थी। कॉमेडी के रंग में रंगी यह प्रेम कहानी दर्शकों को काफी अच्छी लगी थी।





### प्यार की ये एक कहानी

एक वैंपायर और एक आम लड़की की कहानी को सीरियल 'प्यार की ये एक कहानी (2010)' में दिखाया गया। इसमें वैंपायर के रोल में विवियन डिसेना नजर आए थे। यह सीरियल फिल्म 'ट्वाइलाइट' से इंस्पायर था। सीरियल में आम लड़की के रोल में सुकीर्ति कांडपाल नजर आई थीं।

### मधुबाला

साल 2012 में विवियन डिसेना एक रोमांटिक सीरियल 'मधुबाला' में भी नजर आए। इसमें विवियन ने एक सुपरस्टार आरके का रोल निभाया था, जिसे एक साधारण लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन इनके रिश्ते में कई बार उतार-चढ़ाव आते हैं। इस सीरियल के बाद से ही विवियन डिसेना टीवी पर काफी पॉपुलर हो गए थे। हाल ही में वह रियालिटी शो 'बिग बॉस 18' में भी नजर आए।





### दिल मिल गए

टीवी पर साल 2007 में 'दिल मिल गए' सीरियल आया, यह सीरियल 'संजीवनी' का ही आगे का पार्ट था। इस सीरियल में करण सिंह ग्रोवर लीड में थे। फीमेल लीड दो-तीन बार बदलीं। इस सीरियल के भी कई सीजन आए। मेडिकल ड्रामा के अलावा इस सीरियल की प्रेम कहानी यंग ऑडियंस को काफी पसंद आई।

## खबर संक्षेप



### बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की टैबलेट

**नारनौल।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय पंजाबी1 व 2 में राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर स्कूल प्रभारी सरोज ने स्कूल के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलाई। स्कूल प्रभारी सरोज ने उपस्थित बच्चों व स्टाफ तथा अभिभावकों को कृमि संक्रमण के बारे में बताते हुए कहा कि इससे बच्चों में खून की कमी हो जाती है। जिसके कारण हमेशा थकावट रहती है। संपूर्ण मानसिक और शारीरिक विकास भी नहीं होता है। स्कूल प्रभारी सरोज ने कहा कि इस कृमि संक्रमण की रोकथाम बहुत आसान है, बस थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है। कृमि संक्रमण की रोकथाम के लिए खुले में शौच न करें, हमेशा शौचालय का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि हमेशा साफ पानी पीएं और खाने को ढककर रखें तथा नाखून छोटे रखें व काटकर रखें। खाना खाने से पहले व बाद में हाथ साबुन से धोएं।

### दैनिक रेलयात्री महासंघ ने रेलमंत्री के नाम स्टेशन अधीक्षक व डीसी को ज्ञापन सौंपा

# रेवाड़ी वाया महेंद्रगढ़ रेलवे मार्ग पर साधारण वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

रेवाड़ी वाया महेंद्रगढ़ रेलवे मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन चलाने को लेकर दैनिक रेलयात्री महासंघ ने मंगलवार को रेलमंत्री के नाम स्टेशन अधीक्षक निरंजन सिंह व डीसी डॉ. विवेक भारती को ज्ञापन सौंपा है। दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि रेलवे बोर्ड की ओर से दिल्ली से बीकानेर तक नई वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है। यह ट्रेन दिल्ली से वाया, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, लोहारू, सादलपुर, चुरू, रतनगढ़ से होते हुए बीकानेर जाएगी। इस ट्रेन का महज कुछ ही स्टेशनों पर ठहराव होगा। जबकि दिल्ली से बीकानेर के बीच बहुत कम ट्रेनों का संचालन हो रहा है।

दैनिक यात्री महासंघ का सुझाव है कि वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जाए। साधारण वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होने के बाद दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान प्रदेश के लोगों को ज्यादा फायदा मिलेगा। इसके अलावा रेवाड़ी-बीकानेर रेलमार्ग सिंगल होने के कारण अन्य गाड़ियां भी प्रभावित होंगी। दिल्ली से बीकानेर के बीच में मात्र दो गाड़ियां दिन व रात्रि को संचालन हो रहा हैं। भारतीय जनता पार्टी भी देश में आम व गरीब वर्गों को रेलवे सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ देने के लिए प्रयासरत है।

हमारी रेल मंत्री और रेलवे के उच्च अधिकारियों से मांग है कि दिल्ली से बीकानेर के बीच में चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के स्थान पर साधारण वंदे भारत ट्रेन चलाई जाए, ताकि तीन राज्यों की जनता को ट्रेन का लाभ मिल सके। जो कि साधारण वंदे भारत ट्रेन पूरी नॉन एसी होती है, जिसमें 12 स्लीपर व 8 जनरल डिब्बे लगे होते हैं।

इस ट्रेन का ठहराव मुख्य रेलवे स्टेशन पर किया जाए, ताकि रेल मंत्रालय व आम जनता को इसका लाभ मिल सके। यह ट्रेन दिल्ली से चलकर गुरुग्राम, पटौदी रोड, रेवाड़ी, डहीना, कनीना, महेंद्रगढ़, सतनाली, लोहारू आदि रेलवे स्टेशनों पर साधारण वंदे भारत नई ट्रेन का ठहराव किया जाए। इस रेलवे मार्ग पर अभी तक प्रतिदिन कोई लंबी दूरी की ट्रेन का संचालन नहीं हो पाया है। वहीं इस रूट पर चलने वाली सभी एक्सप्रैस व सुपरफास्ट गाड़ियां का केवल रात्रि को संचालन हो रहा है। इसलिए यहां की जनता रेल सेवा से वंचित रह जाती है। दैनिक रेल यात्रियों का कहना है कि इस रूट पर सुबह-शाम यात्रियों के अनुसार ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाए। यात्री अपनी रोजी-रोटी के लिए कंपनियों में काफी संख्या में कार्यरत है। ट्रेनों का समय सही नहीं होने पर प्राईवेट वाहनों में अधिक किराया देकर यात्रा करने को मजबूर हैं, जिससे समय व धन की बबार्दी होती है। इस समस्या को लेकर कई बार रेलवे के उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन उच्च अधिकारी दक्षिण हरियाणा के साथ भेदभाव कर रहे हैं। देश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से महेंद्रगढ़, कनीना, डहीना, सतनाली रूट पर आज तक कोई नई ट्रेन का ठहराव, विस्तार फेरे बढ़ाने व नई गाड़ी का संचालन नहीं हो पाया है। वहीं सांसद धर्मबीर सिंह की ओर से भी इस समस्या को लेकर संसद में मुद्दा उठाने के बाद इस रेल समस्या का आज तक कोई हल नहीं हो पाया है।



**महेंद्रगढ़।** स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते दैनिक रेलयात्री के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



**नारनौल।** सीएल स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ। फोटोः हरिभूमि

# सीएल स्कूल में विदाई पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हुडा स्थित सी एल पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 2वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके साथ सभी सीनियर विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी बच्चों ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों को टाइटल प्रदान किए और उन्हें मनोरंजक सजा दी गई। सभी ने इस पार्टी में भरपूर मनोरंजन किया, साथ ही खेल व नृत्य का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी अध्यापकों को अवार्ड दिया गया। संस्था के प्रबंधक निदेशक डा. अमित गुप्ता ने सभी बच्चों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाए दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जहां भी रहे अपने लक्ष्य पर अडिग रहे तथा अपने लक्ष्य प्राप्ति तक मेहनत करते रहे। स्कूली शिक्षा मात्र शुरूआती शिक्षा है, लेकिन असली शिक्षा कक्षा बारहवीं के बाद शुरू होती है। इस समय में बच्चों को अपने लक्ष्य तथा परिवार दोनों को ध्यान में रखकर चलना होता है। इसके पश्चात स्कूल के प्राचार्या रविन्द्र सिंह ने सभी बच्चों को उनकी आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आदर्श स्कूल में जूनियर्स ने सीनियर्स को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


मोहल्ला चौधरीयान स्थित आदर्श हाई स्कूल में नौवीं कक्षा के छात्रों ने 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। जिसकी शुरुआत विद्यालय मुख्य अध्यापक दिनेश शर्मा व अध्यापिका ललिता शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित करके की।

वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ जूनियर कक्षा के छात्र छात्राओं ने किया। सीनियर कक्षा के छात्र छात्राओं ने अपने अनुभव को जूनियर साथियों के साथ साझा करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहने की सलाह दी।

उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने सुनहरे लम्हों को याद करते हुए सबको भावुक कर दिया। विद्यालय मुख्य अध्यापक दिनेश शर्मा ने बच्चों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि एक विचार लो और उस विचार को अपने जीवन का सार बना लो। उसी को सोचो और उसी के सपने देखो। इस मौके पर ललिता शर्मा, आकांक्षा भूषण, प्रीति कुमारी, अंजली, पिंकी, सिमरन, मीनाक्षी, कमलेश, सुनीता, संतोष, ताराचंद आदि मौजूद थे।



**नारनौल।** आदर्श स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



**महेंद्रगढ़।** परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# ज्ञानकोश स्कूल में हुई स्कॉलरशिप परीक्षा

**महेंद्रगढ़।** गांव खरकड़ा-आकोदा स्थित ज्ञानकोश-ए-ग्लोबल स्कूल में नए सत्र के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में विभिन्न गांव से 720 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय सीईओ राकेश कुमार व प्राचार्य रामनिवास यादव ने सभी बच्चों का स्वागत किया।

राकेश कुमार ने बताया कि विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों के सर्वांगीण विकास, उनके मूल्यांकन को पररखने व उनकी प्रतिभा को जांचने के लिए इस प्रकार की परीक्षा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों का धन्यवाद किया। प्राचार्य रामनिवास यादव ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा प्रथम से नौवीं तक के विद्यार्थियों को मौका दिया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# रक्तदान भरोसे ही रहता है पीड़ितों का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के 76 वें जन्मदिन पर बाबा निहालचंद सेवादल पटीकरा व सिटी किड्स प्ले कूल के तत्वावधान में नायन गांव में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें विभिन्न गांवों के 35 युवाओं ने स्वैच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं को भाजपा नेता छत्रपाल रावत ने बैज लगाकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त को सबसे पहले रक्त की जरूरत होती है, लेकिन रक्त मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध नहीं होता। ना ही करोड़ों खर्च करके रक्त का उत्पादन किया जा सकता है। मानव के शरीर में रक्त का निःशुल्क उत्पादन होता है। जिनके डोनेट करने पर ही पीड़ितों के जीवन की रक्षा हो पाएगी।

रक्तदान करने वालों को बीपी, हार्ट व मोटापा जैसी बीमारियों से निजात मिलती है, साथ ही रक्तदाता के शरीर में कोई कमजोरी या परेशानी नहीं होती। तीन महीने बाद जरूरत पड़ने पर दुबारा रक्तदान कर सकते हैं, क्योंकि शारीरिक तंत्रों द्वारा एक महीने में ही पूर्ति कर ली जाती है। उन्होंने युवाओं से शादी व अन्य खुशियों के अवसर पर रक्तदान करने का संदेश दिया। कहा कि डोनेट किया गया रक्त जरूरतमंदों को निःशुल्क मुहैया कराया जाता है। उन्होंने युवाओं को नशाखोरी से दूर रहने व जल संरक्षण करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर संदीप पटीकरा, कृष्ण कुमार, बिक्रम यादव, महेश कुमार मौजूद रहे।



**नांगल चौधरी।** शिविर में रक्तदाता युवाओं को सम्मानित करते भाजपा नेता छत्रपाल रावत। फोटो : हरिभूमि

# पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय के रेड रिबन व यूथ रेडक्रॉस प्रकोष्ठ के सानिध्य जिला मुख्य चिकित्साधिकारी डा. धर्मेन्द्र सांगवान के सौजन्य से प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में कृमि मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा ने विद्यार्थियों को बताया कि एक स्वस्थ्य शरीर के लिए अच्छा व पोषणयुक्त भोजन बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उचित आहार, विहार और व्यवहार से सम्पूर्ण स्वास्थ्य को प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि बच्चों की आंतों में परजीवी होने के कारण वह उनके खराब शारीरिक व मानसिक विकास, एनीमिया और कुपोषण की स्थिति को पैदा करते हैं, जो उन्हें लंबे समय की परेशानियों से ग्रसित कर सकता है। इससे उनका मन पढ़ाई में नहीं लगता। जिसकी रोकथाम व निपटारा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से साल में दो बार फरवरी व सितम्बर महीने में कृमि मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जाता है। रेड रिबन एवं यूथ रेडक्रॉस क्लब के नोडल अधिकारी डा. चंद्रमोहन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरूआत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से 2015 में की गई थी और तभी से प्रति वर्ष दो बार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य एक से 19 वर्ष की आयु के सभी विद्यार्थियों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल टैबलेट प्रदान कर देश को कृमि मुक्त बनाना है। इस मौके पर महाविद्यालय के कुलसचिव डा. सत्यपाल सुलोदिया, नागरिक अस्पताल से डा. नरेन्द्र, प्रवीण, प्रेम कुमारी, सीनियर प्रोफेसर डा. मुकेश यादव, उपप्राचार्य डा. जगजीत सिंह मोर, डा. नरेश यादव, डा. महेंद्र मुदगिल, डा. संजय तंवर, डा. सोनू जागलान, डा. प्रियंका शर्मा, डा. गीता, डा. वेनिका शर्मा आदि मौजूद थे।



**नारनौल।** कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व कॉलेज स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

# राव नेतराम स्कूल में विदाई पार्टी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर में 12 कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्या की देवी सरस्वती के चरणों में दीपक प्रज्ज्वलित करके किया। विद्यालय सचिव कुबेर सिंह ने कक्षा बाहरवीं के विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष की भान्ति कक्षा 11वीं के विद्यार्थी अपने सीनियर विद्यार्थियों की विदाई के सम्मान में आयोजन किया जाता है।



**नारनौल।** राव नेतराम स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि



**नांगल चौधरी।** प्रधानमंत्री के परीक्षा पर परिचर्चा में भाग लेते गुरुकुलम स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### परीक्षा में मानसिक तनाव से दूर रहकर राइटिंग पर फोकस रखें विद्यार्थी

**नांगल चौधरी।** द गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पर परिचर्चा कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अच्छे अंक हासिल करने के टिप्स लिए और मानसिक तनाव से दूर रहने का निर्णय लिया। संस्था के चेयरमैन अभय सिंह गुर्जर ने बताया कि सभी विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी अच्छे से करते हैं, लेकिन पेपर नजदीक आते ही मानसिक तनाव से ग्रसित होने लगते हैं। इसलिए उन्हें मार्गदर्शन और परीक्षा के टिप्स मिलने अनिवार्य हैं। परिचर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को अच्छी राइटिंग और लेखन की स्पीड पर विशेष फोकस करने का संदेश दिया है। परीक्षा में अनुचित सामग्री का इस्तेमाल करना धोखा है इससे योग्यता का आंकलन नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि पेपर नजदीक आते ही अधिकतर बच्चे पढ़ाई का शेड्यूल बढ़ा देते हैं और योगासन व अन्य दैनिक दिनचर्या में कटोती कर देते हैं। जिससे बच्चे को मानसिक तनाव की समस्या उत्पन्न हो जाएगी, जिससे परीक्षा में बेहतर अंक नहीं मिल पाएंगे।



**नारनौल।** गोशाला में सवामणी लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# राव इंद्रजीत सिंह के जन्मदिन पर लगाई गोवंश के लिए सवामणि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दक्षिण हरियाणा के दिग्गज नेता एवं केंद्रीय मंत्री गुरुग्राम से सांसद राव इंद्रजीत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर अधिवक्ता मंदीप सिंह ने गोसेवा संगठन के सानिध्य में श्री अनाथ गोशाला में हरी सब्जी की सवामणी लगाई।

इस अवसर पर उन्होंने राव सहाब के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर मंदीप की माता राजबाला देवी, मुकेश वालिया संस्थापक गोसेवा मंडल, सज्जन यादव, डा. शिव कुमार, विकास यादव बड़कोदा व गोभक्त तथा गोसेवा मंडल के सदस्य मौजूद थे।

### शिक्षकों की ट्रांसफर पॉलिसी के लिए होने वाली बैठक में अपना पक्ष रखेगा प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट

**नारनौल।** हरियाणा सरकार के सेकेंडरी शिक्षा विभाग के निदेशक की ओर से 12 फरवरी को पंचकूला में विभिन्न शिक्षक संगठनों के साथ होने वाली बैठक में प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट भी अपनी बात रखेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. संजय शर्मा व ट्रस्टी डा. जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि 12 फरवरी को पंचकूला में सेकेंडरी एजुकेशन हरियाणा के निदेशक राज्य के विभिन्न शिक्षक संगठनों के साथ ट्रांसफर ड्राइव चलाने के संदर्भ में बैठक का आयोजन कर रहे हैं। इस बैठक में राज्य के विभिन्न शिक्षक संगठनों से प्रतिनिधि बुलाए गए हैं, जो की तबादला नीति व तबादला अभियान को लेकर अपनी राय प्रकट करेंगे। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट भी अपना लिखित पक्ष निदेशक महोदय को भेजकर उस पर विचार करने की अपील की है और कल बैठक में शामिल होगा। शिक्षक नरोत्तम सोनी, पवन यादव, योगेन्द्र यादव, केसरी नंदन, डा. मनोज यादव आदि ने मांग रखी है कि नई ट्रांसफर पॉलिसी में कपल केस को दिए जाने वाले अंक सिस्टम को पूर्व की भांति लागू किया जाए। नई ट्रांसफर नीति में कपल केस में पति पत्नी दोनों को पांच पांच अतिरिक्त अंकों का लाभ प्रदान किया गया है, जबकि ऐसा पुरानी नीति में नहीं था। ट्रस्ट से जुड़े शिक्षकों का कहना है कि इससे एकल सर्विस पुरुष अध्यापकों के न केवल हितों की अनदेखी हो रही है, बल्कि उनके समानता के अधिकार का भी हनन हो रहा है। ट्रांसफर में पूर्व में केवल महिलाओं को ही पांच अतिरिक्त दिए जाते रहे हैं। महिलाओं को मिलने वाले इन पांच अंकों पर ट्रस्ट को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन कपल केस में पुरुषों को भी अतिरिक्त पांच अंक दिए जाने से शिक्षकों के साथ भारी भेदभाव होता है। ट्रस्ट ने मांग की है कि कपल केस में केवल महिला कर्मियों को ही पाच अतिरिक्त अंक मिले, पुरुषों को मिलने वाले पांच अतिरिक्त अंकों को समाप्त करके ट्रांसफर ड्राइव चलाए जाने की मांग की है। इसके अलावा शिक्षक ट्रस्ट ने मुख्य रूप से मांग की है कि टीजीटी अंग्रेजी के पद को सामाजिक अध्ययन अध्यापक पद के समान ही मानकर ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाए, क्योंकि राजकीय विद्यालयों में सामाजिक अध्ययन व अंग्रेजी विषय एक ही अध्यापक पढ़ाते आए है।

# जिले में लगभग 90 फीसदी लाभार्थियों को खिलाई कृमि नाशक दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कृमि मुक्ति दिवस के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला महेंद्रगढ़ में कृमि नाशक दवा देने का 90 प्रतिशत का लक्ष्य पूरा किया गया। वंचित रह गए लक्षित समूह को 18 फरवरी को मॉपअप दिवस के दिन कृमि नाशक दवाईयां खिलाई जाएगी। उप सिविल सर्जन डा. विजय यादव ने बताया कि हरियाणा पब्लिक स्कूल में बच्चों को कृमि नाशक गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस के तहत जिले के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों, अन्य शिक्षण संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों व स्लम क्षेत्रों के तहत आने वाले एक से 19 साल के तक के सभी बच्चों को व इसके साथ साथ प्रजनन आयु वर्ग 20 से 24 वर्ष की महिलाओं को कृमि नाशक दवाई खिलाई। इनके अलावा जो बच्चे व महिलाएं आज गोली खाने से वंचित रह गए हैं, उनको 18 फरवरी को मॉपअप दिवस के दिन कृमि नाशक दवाई खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को कृमि नाशक गोलियां देने से उनके शारीरिक व मानसिक वृद्धि होती है व बच्चों में खून की कमी नहीं आती। डीईआईसी मैनेजर डा. दीपक कौशिक ने बताया कि जिले में एक से 19 वर्ष के बच्चों का लक्ष्य 345395 व प्रजनन आयु वर्ग 20 से 24 वर्ष की महिलाओं का लक्ष्य 25461 हैं। इनमें से आज जिले में लगभग 90 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। शेष लक्ष्य मॉपअप दिवस 18 फरवरी को 100 प्रतिशत कर लिया जाएगा। इस मौके पर डा. रवि, डा. उमेश, काउंसलर विजय यादव, प्रिंसिपल सुनील यादव, मनोज भारद्वाज डीन आदि मौजूद थे।



**नारनौल।** कृमि नाशक गोली खिलाते डा. विजय यादव।

### कन्या जन्म पर किया कुआं पूजन

**नारनौल।** गांव नूनी कलां में सतीश कुमार के घर पर कन्या के जन्म लेने की खुशी में कुआं पूजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत गाकर कुआं पूजन किया व प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत कर नवजात कन्या को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि परिवार ने कन्या का कुआं पूजन कर समाज को जागरूक करने का कार्य किया गया। बता दें कि गांव नूनी कलां में मनीषा कुमारी पत्नी अमित कुमार ने कन्या को जन्म दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

मै महेश पुत्र लीला राम वासी मोहल्ला दयानगर नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा। बयान करता हूं कि मेरी पुत्री आरती हर रोज मेरे साथ लडाई–झगडा करती रहती है और मेरी कोई बात नहीं मानती है। मुझे बिना बताए कहीं चली गई है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### डॉ. रजनी यादव ने पीएचडी की डिग्री प्राप्त की

**नारनौल।** गांव गणियार निवासी डा. रजनी यादव पत्नी डा. कुलदीप यादव ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से समाजशास्त्र विषय में पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है। डा. कुलदीप यादव ने बताया कि डा. रजनी यादव ने यह उपलब्धि सिर्फ तीन वर्ष में प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि डा. रजनी के शोध पत्र अनेक राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने पीएचडी के दौरान विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति भी प्राप्त की है।

### नगर पालिका कनीना से कोई नामांकन नहीं

**कनीना।** नगर पालिका प्रशासक एवं चुनाव के आरओ एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि नगर पालिका आम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले दिन कोई भी नामांकन दाखिल नहीं किया गया। एसडीएम के कोर्ट रूम में नामांकन दाखिल होंगे। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से सायं तीन बजे के बीच नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। वही 12 व 16 फरवरी को अवकाश के दिन नामांकन दाखिल नहीं होंगे। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी। 19 फरवरी को तीन बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। दो मार्च को सुबह आठ से सायं छः बजे तक मतदान होगा। 12 मार्च को सुबह आठ बजे मतगणना शुरू होगी। उन्होंने बताया कि इन चुनावों के लिए प्रधान व सदस्य के लिए खर्च सीमा निर्धारित की गई।

# डाक विभाग ने चलाई वार्षिक 565 रुपये में 10 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा योजना

**योजना**
- डाक विभाग की योजना जन जन तक पहुंचाने के लिए जागरूकता शिविर शुरू
- जागरूकता के अभाव में योजना के लाभ नहीं ले पाते लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



डाक अधीक्षक संजय कुमार



भारतीय डाक विभाग की ओर से वार्षिक 565 रुपये में 10 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा योजना चलाई है। इस योजना को भिवानी, दादरी, महेंद्रगढ़, नारनौल जिला के प्रत्येक गांव में जन जन तक पहुंचाने के लिए भिवानी डाकघर की ओर से पांच दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो कि मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस बारे में जानकारी देते हुए भिवानी डाक अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि भारतीय डाकघर ने अपने ग्राहकों के लिए 10 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा की विशेष योजना निकाली है। जिसके तहत 565 रुपये प्रति वर्ष अदा कर इस योजना का लाभ उठा सकते है। उन्होंने बताया कि इस बीमा योजना का लाभ लेने 18 से 65 वर्ष की आयु होनी चाहिए, जिसकी राशि 10 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसी भी प्रकार की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये की बीमा राशि मिलती है। इसके अलावा दुर्घटना में गंभीर घायल होने पर एक लाख रुपये तक की अधिकतम बीमा राशि मिलेगी।

**बच्चों के लिए 50 हजार रुपये**

डाक अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि इस बीमा योजना के तहत स्थायी विकलांगता व स्थायी आंशिक विकलांगता में 10-10 लाख रुपये, आईपीडी के तहत एक लाख रुपये, 15 दिनों तक अस्पताल के 500 रुपये प्रतिदिन तक का खर्च, हड्डी टूटने पर एक लाख रुपये, बाल शिक्षा के तहत बीमित सदस्य की आकस्मिक मृत्यु होने पर अधिकतम दो बच्चों के लिए 50 हजार रुपये तक के लाभ मिलते है।

**घायल होने पर भी मिलेगा बीमा**

डाक अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि अन्य बीमा योजना के तहत सिर्फ मौत होने पर ही बीमित व्यक्ति के परिजनों को लाभ मिलता है, लेकिन डाक विभाग की इस योजना के तहत बीमित व्यक्ति की मौत होने के अलावा गंभीर घायल होने पर भी इस योजना का लाभ मिलता है। जिसके तहत व्यक्ति को सिर्फ 1.55 रुपये प्रति दिन देना होगा। उन्होंने इस योजना की जानकारी प्रत्येक जन तक पहुंचाने के लिए पांच दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## गोसेवकों ने महावीर चौक पर इकट्ठा होकर जताया विरोध

# गायों की देखभाल नहीं करने का आरोप उपचारशाला के प्रधान का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महावीर चौक पर गोमाता उपचारशाला के प्रधान पर मनमानी का आरोप लगाते हुए अनेक गोसेवकों ने उनका पुतला फूंका। इस अवसर पर गोसेवकों ने कहा कि प्रधान वहां पर गायों की सही देखभाल नहीं करता तथा गोशाला को केवल राजनीति का अखाड़ा बनाया हुआ है। शहर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस खेल स्टेडियम के पास गायों के उपचार के लिए गोमाता उपचारशाला बनी हुई है। इस उपचारशाला की तीन दिन पहले सीसीटीवी फुटेज की एक वीडियो वायरल हुई थी। जिसमें दिख रहा था कि कुत्ते उपचारशाला से एक बछड़े को उठाकर ले जाते हैं। जिसके बाद वे कुत्ते उस बछड़े को खा जाते हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद भी गोमाता उपचारशाला के प्रधान की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके विरोध में मंगलवार को गोसेवक मोनू मिश्रवाड़ा के नेतृत्व में अनेक गोसेवकों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद महावीर चौक पर आकर गोसेवकों ने प्रधान का पुतला फूंका। इस बारे में मोनू मिश्रवाड़ा ने बताया कि शहर के स्टेडियम के पास बनी गोमाता उपचारशाला में कई साल से एक ही प्रधान बना हुआ है। यहां पर प्रधान के लिए चुनाव भी नहीं कराए जा रहे। जिसके कारण गोशाला की सारी व्यवस्था बेकार बनी हुई है। उन्होंने कहा कि तीन चार दिन पहले एक बीमार बछड़े को कुछ कुत्ते घसीट कर ले गए तथा वे उसको खा गए। इसकी एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुई, लेकिन इसके बावजूद भी इसके जिम्मेदार कर्मचारी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे पूर्व भी एक अच्छे कर्मचारी को नौकरी से निकाल दिया गया। उसकी जगह प्रधान ने अपने किसी रिश्तेदार को लगा लिया। जिसकी सैलरी भी बढ़ाकर दी जा रही है।



नारनौल। गोशाला प्रधान का पुतला फूंकते गोसेवक। फोटो : हरिभूमि

**क्या कहते है गोशाला प्रधान**

गोशाला के प्रधान ने बताया कि यह राजनीति है। बछड़ा दो दिन का ही था, मरा हुआ ही था। उसको ढककर रखा गया था। सुबह उसको मिट्टी देनी थी। रात को कुछ कुत्ते आए और उसे खींच ले गए। अब जहां से कुत्ते आए थे, उस जगह को बंद कर दिया। कुछ लोग गोशाला को हाइजेक करना चाह रहे हैं।



नारनौल। पीडब्ल्यूडी पार्क में मीटिंग करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों में रोष, धरने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्ट्रेशन नंबर 41 जिला कमेटी की ब्रांच नारनौल लोक निर्माण विभाग भवन और शाखा नारनौल ब्रांच प्रधान कपिल यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मीटिंग संपन्न हुई, जिसमें ब्रांच और जिला के अनेक पदाधिकारी और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल यादव, राज्य सचिव महेंद्र सिंह बोयत, जिला कैशियर नरेंद्र, शाखा कैशियर विकास, शाखा सचिव अनिल व अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए, जिसमें अनेक समस्याओं पर विचार–विमर्श किया गया। कर्मचारी नेताओं ने पहले से लंबित बड़ी सभी समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। बैठक में बताया गया कि गत 31 दिसम्बर 2024 को कार्यकारी अभियंता से मीटिंग हुई, जिसमें 10 सूत्रीय समस्याएं बताई गई और विभाग के कार्यकारी अभियंता अश्वनी कुमार ने आश्वासन दिया कि 10 दिन में समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

# फ्लाइंग ऑफिसर बने आरपीएस के छात्र अमन को किया सम्मानित



महेंद्रगढ़। छात्र अमन को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में एसएसबी क्लीयर कर सेना में फ्लाइंग आफिसर बनने वाले विद्यालय के छात्र अमन को सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी, विंग हैड देवेन्द्र पुनिया सहित अन्य स्टॉफ सदस्यों बधाई देते हुए छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि विद्यालय के छात्र अमन का सेना में अधिकारी बनना हम सब के लिए गौरव की बात है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र अमन द्वारा लक्ष्य साधकर शिक्षकों के मार्गदर्शन में की गई मेहनत का परिणाम है। इस मौके पर उप प्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, पवन तिवारी, विंग हैड देवेन्द्र पुनिया, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी, अनिता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री को ओवरलोड डंपरों की समस्या से कराया अवगत



**नांगल चौधरी।** सूरजकुंड फरीदाबाद में मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित दोपहर भोज कार्यक्रम के दौरान नांगल चौधरी पंचायत समिति चेयरमेन व भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मपाल यादव ने मुख्यमंत्री से औपचारिक भेंट की। इस मुलाकात के दौरान कर्मपाल यादव ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को लिखित पत्र देकर अवगत करवाया। कर्मपाल यादव ने अपने पत्र में प्रमुख रूप से क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों की समस्या पर फोकस किया, जो मौत के यमराज बनकर दौड़ रहे हैं। उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से सहयोग मांगा। इसके अलावा कर्मपाल यादव ने पंचायत समितियों के अधिकारों को मजबूत करने पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंचायत समितियों को और अधिक अधिकार देने से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस मुलाकात के दौरानए मुख्यमंत्री ने कर्मपाल यादव की बातों को ध्यान से सुना और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

# बीआर स्कूल में कृमि मुक्त दिवस मनाया, बच्चों को दवाईयां बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



बीआर विद्यालय सेहलंग में कृमि मुक्त दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र सेहलंग की टीम द्वारा विद्यालय के कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल टैबलेट वितरित की गई।

यह अभियान भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाता है, जिसका उद्देश्य 1 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त रखना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम से एमपीएचडब्ल्यू इंद्रजीत एवं नवनीत उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि शरीर में समय के साथ पेट में कृमियों का जमाव हो सकता है, जिससे पोषण की कमी, कमजोरी, और कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। एल्बेंडाजोल टैबलेट इन कृमियों को नष्ट कर शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक होती है। विद्यालय में यह कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का अवलोकनचेयरमैन हरीश भारद्वाज, प्राचार्य डॉ. राम मोहन वशिष्ठ और उप-प्राचार्या ज्योति भारद्वाज द्वारा किया गया।

### दिल्ली में आप की हार से हताश न हों: गिरिश खेड़ा

**नारनौल।** दिल्ली चुनाव उपरांत मंगलवार को आम आदमी पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई, जिसकी अगुवाई आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेता और समाजसेवी गिरीश खेड़ा ने की। इस मीटिंग में दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार पर चर्चा की गई। गिरीश खेड़ा ने ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार निश्चित रूप से निराशा की बात है, लेकिन सभी कार्यकर्ताओं को हताश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि माना कि 10 साल के शासन में आम आदमी पार्टी की कुछ कमियां रही होंगी, जो चुनाव हारने का प्रमुख कारण बनी होगी। इसके साथ ही केंद्र सरकार की आम आदमी पार्टी के खिलाफ दमनकारी नीतियां, आम आदमी पार्टी के खिलाफ नैतिक अनैतिक साधनों का उपयोग करके भाजपा द्वारा चुनाव लड़ने की नीतियां भी शामिल थी।

### इंटरनेशनल ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने पर भव्या गुणवाल फिर सम्मानित



**मंडी अटेली।** इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली अटेली के डॉ. अनिल यादव और सुमन यादव की बेटी भव्या गुणवाल को नीमा (नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन) नारनौल की ओर से सम्मानित किया गया है। इससे पहले भव्या गुणवाल को लोकसभा के सभापति ओम बिरला ने संसद भवन में सम्मानित किया था। यह उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि रही, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अब डॉक्टर एसोसिएशन ने भी भव्या की इस उपलब्धि को सराहते हुए उन्हें विशेष सम्मान से नवाजा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

# यदुवंशी में मनाया गया महिला विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों के योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए 11 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय महिला विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया, जिसका मुख्य लक्ष्य महिलाओं व लड़कियों के लिए विज्ञान में बराबर पहुंच और हिस्सेदारी को प्राथमिकता देना था। विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विचारों को भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने महिला वैज्ञानिक के पोस्टर बनाकर उनके कार्यों एवं खोज के विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम को हैड नवीन कुमार के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ विज्ञान विषय के अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों को महिला वैज्ञानिकों और उनकी खोजों के बारे में बताया तथा छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य पवन कुमार ने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को याद करते हुए सभी विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला वैज्ञानिक दिवस पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिलाओं और लड़कियों को याद किया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में आगे लाने के लिए प्रोत्साहित करना हैं। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि महिलाएं शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देती है। वे मौलिक वैज्ञानिक खोजें करती हैं। भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने मेडिकल साइंस, अंतरिक्ष विज्ञान, वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की हैं।



### गली का लेवल ठीक करने को लेकर डीसी से की मुलाकात

**महेंद्रगढ़।** कर्मचारी कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने गली का लेवल ठीक करने को लेकर डीसी को एक शिकायत दी है। कर्मचारी कॉलोनी निवासी सतेंद्र कुमार ने डीसी को दी शिकायत में बताया कि उसने वर्ष 1997 में मकान बनाया था। मकान के आगे कर्मचारी कॉलोनी का क्षेत्र समाप्त हो जाता है। अब लगभग दो-तीन वर्ष पहले मकान के आगे खाली खेतों में कुछ प्लॉट कट गए। अब खाली प्लॉट में मकान बन चुके हैं। उसके मकान तक नगर पालिका ने पक्की सड़क बना रखी है, जिसका ढलान पूर्व से पश्चिम की ओर होने से बरसात का पानी खाली जगह में चला जाता था। अब आगे खेतों में काटे गए प्लॉट में मकान बन गए हैं तथा मकान मालिकों ने अपने घर के आगे मिट्टी डालकर गली को ऊंचा कर लिया है तथा घरों के आगे लगभग आठ से दस फीट तक मलबा डालकर अतिक्रमण कर लिया है, जिसके कारण बरसाती पानी मकान के पास आकर रूक जाता है।

**कार्यक्रम** सुरक्षित इंटरनेट दिवसः कॉल्स पर अपनी जानकारी, ओटीपी, आधार का विवरण साझा न करें

# साइबर अपराध व फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक बनें : नगराधीश

- सोशल नेटवर्किंग साइट पर अजनबियों से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना करते नगराधीश मंजीत कुमार। फोटो : हरिभूमि

साइबर अपराध व फ्रॉड से बचने के लिए हम सबको जागरूक होना होगा। इसी तरह की ठगी से बचाव के लिए सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की जानकारी देना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। यह बात नगराधीश मंजीत कुमार ने मंगलवार को जिला सूचना विज्ञान केंद्र कार्यालय की ओर से राजकीय पीजी कॉलेज में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम के बाद जागरूकता रैली का भी आयोजन किया। इस मौके पर डीएसपी सुरेश कुमार भी मौजूद थे। नगराधीश ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल नेटवर्किंग साइट पर अजनबियों से सावधान रहें। अजनबियों की ओर से भेजे गए मित्रता अनुरोध से बचें तथा सोशल नेटवर्किंग साइट पर व्यक्तिगत जानकारी कभी भी ना दें। उन्होंने कहा कि आपको लॉटरी या अन्य प्रलोभन के ईमेल, कॉल या एसएमएस मिल रहे हैं तो आप ऐसे धोखाधड़ी वाले प्रस्ताव का कभी भी जवाब ना दें। उन्होंने कहा कि कभी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, आधार पैन या बैंक विवरण साझा ना करें। अनियंत्रित आधार भुगतान सूचनाओं से सर्तक रहें। कभी भी अज्ञात नंबरों से आने वाले लिंक पर क्लिक न करें जो केवाईसी अपडेट के बहाने आपकी संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए निवेदन करें। उन्होंने कहा कि कभी भी भुगतान प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन या ओटीपी व पैन नंबर साझा न करें यह स्कैम के तरीके हो सकते हैं।